GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालय: शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में

राज्य के सभी,
1. जिला शिक्षा अधिकारी।
2. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।
3. प्रधानाचार्य, DIET
4. खण्ड शिक्षा अधिकारी।

यादी क्रमांकः– KW 11/4-2023 ACD (4)
दिनांकः– 12.04.2023

विषयः– **शैक्षणिक वर्ष 2023–24 से PM SHRI विद्यालयों के शुभारम्भ के सन्दर्भ में।**

****

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि भारत सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक DN 1-9/2022 IS-19 दिनांक 28.03.2023 के अनुसार राज्य के 124 विद्यालयों को PM SHRI विद्यालय बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है **(सूची संलग्न पताका 'क')**। यह PM SHRI विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की अनुपालना में बनाये जा रहे हैं। ये विद्यालय जहां उत्कृष्टता के केन्द्र होंगे वहीं इनमें 21वीं सदी के कौशलों को भी प्रदान किया जाएगा। राज्य में इन चुने गये 124 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का PM SHRI विद्यालयों में रूपान्तरण राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों की भांति किया जाना है। ये सभी चयनित 124 विद्यालय पहले से ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं। सर्वप्रथम इन विद्यालयों का नामकरण होगा, नामांकन अभियान होगा ताकि अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम से CBSE बोर्ड से पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थी अपना नामांकन करवा सकें। इन विद्यालयों की चार वर्ष की विद्यालय विकास योजना बनेगी तदनुसार ढांचागत विस्तार किया जाएगा, CBSE से सम्बद्धता के लिए वांछित कार्यवाही की जाएगी तथा विशेष स्क्रीनिंग एवं प्रशिक्षण से विद्यालय मुखिया तथा अन्य अध्यापक लगाये जाएंगे। इन विद्यालयों में सभी संकायों (कला, विज्ञान तथा वाणिज्य) की व्यवस्था की जाएगी।

PM SHRI विद्यालयों की विशेषतायें:–

1. ये विद्यालय उत्कृष्टता के केन्द्र होंगे जहां पर चहुमुखी विकास पर बल दिया जाना है। इसमें पठन–पाठन गतिविधि आधारित एवं खोज आधारित होगा जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण बनाने पर बल दिया जाएगा।
2. इन विद्यालयों को समेकित विद्यालय बनाया जाना है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को अवसर मिल सके।
3. प्रत्येक विद्यार्थी के गुणवत्ता संवर्धन पर ध्यान दिया जाएगा तथा 21वीं सदी के कौशल प्रदान किये जाएंगे।
4. खेल, कला, ICT की दक्षताओं के विकास की ढांचागत सुविधा होगी।
5. यह Green School होंगे जो Sustainable Model पर काम करेंगे।
6. प्रत्येक विद्यालय को कॉलेज/विश्व विद्यालय से जोडा जाएगा ताकि NEP-2020 की अनुपालना में समुचित कार्यवाही हो सके।
7. प्रत्येक विद्यालय को स्थानीय आन्त्रप्रन्योर इको सिस्टम से जोड़ा जाएगा।
8. प्रत्येक विद्यार्थी को नैतिक मूल्यों, राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यों तथा राष्ट्र निर्माण में भूमिका के लिए तैयार किया जाएगा।